ftyk lpuk dk;kZy; gfj}kjA
fudV noiqjk pkd] ijkuh dpgjh] gfj}kjA
E-mail: suchnaharidwar@gmail.comदूरभाष : 01334–226695, मोबाइलः 9412074595

दिनांक : 07.04.2017

प्रेस विज्ञप्ति

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, हरिद्वार ले0कर्नल (अ0प्रा0) चन्द्रपाल सिंह नेगी ने अवगत कराया कि जनपद हरिद्वार के सभी भूतपूर्व सैनिकों/सैनिक वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा रोजगार परक प्रशिक्षण के अन्तर्गत 03 माह, 06 माह तथा एक वर्ष का निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण हरिद्वार (श्री साई इनफोटेक) एवं रूडकी (एस0बी0 ट्रेडस) में दिया जाएगा। प्रशिक्षण 17 अप्रैल 2017 से प्रारम्भ किया जाएगा। जनपद के भूतपूर्व सैनिक/सैनिक वीरांगनायें एवं उनके आश्रित जो यह प्रशिक्षण लेना चाहते हैं दिनाँक 15 अप्रैल 2017 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, तहसील परिसर ज्वालापुर, हरिद्वार में अपने नामांकन हेतु सम्पर्क करें।

जिला सूचना अधिकारी
हरिद्वार।